त्रिपुरा और मध्य प्रदेश हेतु विद्युत परियोजनाएं

4694. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) त्रिपुरा और मध्य प्रदेश राज्यों के लिए सरकार की विभिन्न योजनाएं कौन-कौन सी हैं;

(ख) सरकार और निजी क्षेत्र की साझेदारी से किन-किन योजनाओं को कार्यान्वित किया गया;

(ग) गत एक वर्ष के दौरान विभिन्न योजनाओं के माध्यम से त्रिपुरा में कुल कितने मेगावाट विद्युत का उत्पादन किया गया;

(घ) गत तीन वर्षों के दौरान इन योजनाओं के लिए वर्ष-वार और योजना-वार कितनी राशि स्वीकृत की गई तथा कितनी राशि व्यय की गई;

(ङ) उक्त अवधि के दौरान सरकार द्वारा विद्युत पर कितना राजस्व शुल्क अर्जित किया गया; और

(च) कितनी योजनाओं को स्थगित किया गया तथा इसके क्या कारण थे?

विद्युत मंत्री (श्री रंगराजन कुमारमंगलम): (क) और (घ) उपलब्ध सूचना के अनुसार, नौवीं योजना के दौरान जिन विद्युत उत्पादन स्कीमों से लाभ प्राप्त होने की संभावना है, उनका ब्यौरा निम्नवत है:—

स्कीम	बजट परिव्यय (करोड़ रुपये में)			व्यय (करोड़ रुपये में)		
	1995-96	1996-97	1997-98	1995-96	1996-97	1997-98
मध्य प्रदेश						
I. संजय गांधी टीपीएस यूनिट 3 व 4 (2×210 मे०वा०)	90	90	50.40	79.15	90.85	102.00
II. राजघाट जल विद्युत परियोजना (3×15 मे०वा०)	44.00	13.86	5.68	24.32	12.69	8.46
III. बापसागर टोन्स एचईपी (110 मे०वा०)	41.00	305.00	42.00	32.13	58.77	61.80
IV. विन्ध्याचल चरण-2 यूनिट-7 व 8 केन्द्रीय क्षेत्र (एनटीपीसी) (2×500 मे०वा०)	135.00	327.33	452.81	141.73	331.49	561.00
त्रिपुरा						
I. अगरतला जीटी केन्द्रीय क्षेत्र (नीपको) (4×21 मे०वा०)	150.00	77.11	73.28	141.47	39.89	54.47

त्रिपुरा सरकार ने नौवीं योजना के दौरान नई स्कीमों नामशः बारमूरा गैस विस्तार (21 मे०वा०), रोखिया गैस विस्तार (21 मे०वा०) और रामभद्र एसएचपी (1 मे०वा०) परियोजनाओं को आरंभ करने का प्रस्ताव रखा है।

(ख) निजी क्षेत्र के साथ मध्य प्रदेश/त्रिपुरा सरकार के मध्य भागीदारी के जरिए किसी भी स्कीम को क्रियान्वित नहीं किया गया है और न ही कोई स्कीम क्रियान्वयनाधीन है।

(ग) 1997-98 के दौरान त्रिपुरा में विद्यमान उत्पादन केन्द्रों से उत्पादित कुल विद्युत 302 मे०वा० है।

(घ) मध्य प्रदेश सरकार विद्युत शुल्क लगाती है। 1994-95, 1995-96 और 1996-97 के दौरान एकत्रित राशि क्रमशः 191.14 करोड़ रुपये, 257.71 करोड़ रुपये तथा 329.41 करोड़ है।

(ङ) मध्य प्रदेश सरकार त्रिपुरा में किसी भी अनुमोदित स्कीम को स्थगित नहीं किया गया है।